भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2591
सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**महाराष्ट्र में पर्यटन क्षेत्र का विकास**

**2591. श्री अरविंद गणपत सावंत:**
**श्री संजय हरिभाऊ जाधव:**
**श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में विशेषकर परभणी तथा उस्मानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पर्यटन के विकास के लिए अनुमोदित/स्वीकृत/निष्पादित परियोजनाओं का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक पूरी की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा शेष परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) लंबित परियोजनाओं के पूरा होने में देरी के क्या कारण हैं और क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच कराई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित/जारी/उपयोग की गई धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या महाराष्ट्र सरकर ने केंद्र सरकार को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा महाराष्ट्र में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से महाराष्ट्र सहित देश के अन्य हिस्सों में विभिन्न पर्यटन उत्पादों को विकसित और बढ़ावा देकर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के इन प्रयासों को पूरा करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को

सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी एवं जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्य के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के दिशानिर्देशों के तहत महाराष्ट्र राज्य में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

महाराष्ट्र राज्य के लिए उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का क्रियान्वयन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन/केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करता है और संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन/केन्द्रीय एजेंसियों को परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रोत्साहित भी करता है।

पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/ केंद्रीय एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है तथा निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध**

श्री अरविंद गणपत सावंत, श्री संजय हरिभाऊ जाधव और श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन क्षेत्र का विकास के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2591 के भाग (क) से (च) के उत्तर में **विवरण**

(i) **महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी/ अधिकृत* राशि** | **उपयोग की गई राशि** | **भौतिक प्रगति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तटीय परिपथ | 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव का विकास | 19.06 | 18.10 | 17.61 | पूर्ण |
| 2 | आध्यात्मिक परिपथ | 2018-19 | वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराद का विकास | 45.47 | 43.19 | 38.24 | पूर्ण |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल । के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत की गई राशि शामिल है।

(ii) **महाराष्ट्र राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** | **जारी/अधिकृत* राशि** | **भौतिक प्रगति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुणे (महाराष्ट्र) | शिवसृष्टि हिस्टोरिकल थीम पार्क- फेज 3 | 2024-25 | 76.22 | 7.62 | जारी |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत की गई राशि शामिल है।

**(iii) महाराष्ट्र राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि | जारी राशि | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 45.41 | 29.93 | जारी |

**(iv) महाराष्ट्र राज्य में 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृत राशि | जारी राशि | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पर्यटन स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस का विकास | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 15 | 15 | पूर्ण |
| 2 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 12.50 | 12.50 | पूर्ण |
| 3 | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 37.50 | 300 | जारी |

**(v) महाराष्ट्र में 'पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केन्द्रों का विकास' योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>परियोजना का नाम</th><th>स्वीकृत राशि</th><th>जारी राशि</th><th>भौतिक प्रगति</th></tr>
<tr><td>1</td><td>आईएनएस-गुलदार अंडरवाटर म्यूज़ियम, कृत्रिम चट्टान और सिंधुदुर्ग में पनडुब्बी पर्यटन</td><td>46.91</td><td rowspan="2">96.39</td><td>जारी</td></tr>
<tr><td>2</td><td>नासिक में राम-काल पथ का विकास</td><td>99.14</td><td>जारी</td></tr>
</table>

*****